**प्रेस विज्ञप्ति**

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## विश्वविद्यालय में डा. भीम राव अम्बेडकर जी की 134वीं जयंती पर कार्यक्रम

पंतनगर। 14 अप्रैल, 2025। विश्वविद्यालय में एससी–एसटी सेल एवं अम्बेडकर भवन छात्रावास के सहयोग से भारत रत्न डा. भीम राव अम्बेडकर जी की 134वीं जयंती पर एक कार्यक्रम का आयोजन डा. रतन सिंह सभागार में किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान, विशिष्ट अतिथि 1981 बैच के पूर्व छात्र तथा पूर्व अध्यक्ष, मुख्यमहाप्रबंधक एवं अधिशासी निदेशक, आई.आर.सी.ओ.एन. (रेलवे) डा. सुभाष चन्द्र तथा पूर्व निदेशक एवं महाप्रबंधक, भारत हैवी इलेक्ट्रिकल लिमिटेड, ई. एस.डी. सिंह ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान ने डा. भीम राव अम्बेडकर जी के बातों को अपने जीवन में धारण करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षा, टीम वर्क और संघर्ष जीवन में सफलता की कुंजी है। उन्होंने कहा की हम सभी को एक लक्ष्य के साथ समयबद्ध रहकर अपना कार्य करना चाहिए जिससे कि वांछित उदेद्श्य की प्राप्ति हो सके और डा. भीम राव अम्बेडकर इसका एक सफल उदाहरण है। संगठित होकर कार्ययोजना पर कार्य कर ही देश को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाया जा सकता है।

विशिष्ट अतिथि ने अपने विश्वविद्यालय के अनुभवों को साझा किया तथा उन्होंने बाबा साहेब एक बहुत बड़े शोधकर्ता थे जिन्होंने हिन्दू धर्म के साथ–साथ अन्य धर्मों के बहुत सारे ग्रंथो और विश्व के कई देशों के संविधान का अध्यन कर भारत के सविधान की रचना की जोकि विश्व में एक विशिष्ट सविधान है और जिसके अन्तर्गत व्यक्ति और समाज को बहुत सारे अधिकार प्राप्त है। उन्होंने किसी भी कार्य को सफलतापूर्वक सम्पन्न करने के लिए उसे मिशन मोड में करने हेतु सभी का आह्वाहन किया जिससे कि देश को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने में सहयोग प्राप्त हो सके।

इस अवसर पर कई विद्यार्थियों ने भारत रत्न अम्बेडकर जी के जीवनी पर प्रकाश डाला। श्रीमती राधा बाल्मिकी, प्राध्यापिका, पन्तनगर इन्टर कालेज द्वारा हिन्दु कोड के ऊपर अम्बेडकर जी द्वारा किये गये कार्यो पर बहुत अच्छा प्रकाश डाला साथ ही श्रीमती अल्का सिंह, प्राध्यापिका, बालिका इन्टर कालेज, कोटद्वार द्वारा भी इस अवसर पर व्यक्त्वय दिया गया। ई. एस.डी. सिंह ने भी इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त किये।

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय एवं स्कूलों के छात्र–छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। जयंती के अवसर पर एससी–एसटी सेल द्वारा क्विज का आयोजन कराया गया था और तीन विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का आयोजन एससी–एसटी सेल के समन्वयक डा. ओमवीर सिंह, उप समन्वयक डा. सुनील सिंह एवं अम्बेडकर भवन छात्रावास के अभिरक्षिका डा. सुनीता जलाल द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में डा. ओमवीर सिंह द्वारा सभी का स्वागत किया गया और डा. सुनील सिंह द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम में अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. ए.एस. जीना, विभिन्न महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशकगण, विभागाध्यक्ष, संकाय सदस्य एवं विश्वविद्यालय एवं स्कूलों के विद्यार्थियों उपस्थित थे।

पूर्वाह्न में बोधिसत्व भारत रत्न बाबा साहब डा. भीम राव अम्बेडकर जन्मदिवस समारोह समिति, पंतनगर द्वारा विश्वविद्यालय के अम्बेडकर पार्क में जयंती समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डा. आर.एस. जादौन, अधिष्ठाता कृषि व्यवसाय प्रबंधन महाविद्यालय मुख्य अतिथि थे। नगर पालिका, नगला के अध्यक्ष श्री सचिन शुक्ला एवं अन्य अतिथि उपस्थित थे। इस दौरान बच्चों द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये और उनको समिति द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का आयोजन समिति के संरक्षक श्री राम आसरे, सलाहकार डा. सुनील सिंह, अध्यक्ष श्री अभिरत्न गौतम, उपाध्यक्ष डा. राधा बाल्मीकि, महासचिव श्री नफीस खान, सचिव लक्ष्मी शंकर एवं समिति अन्य पदाधिकारियों द्वारा आयोजित किया गया।

***ई. मेल चित्र सं.1. कार्यक्रम में संबोधित करते मुख्य अतिथि कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान।***
***ई. मेल चित्र सं.2. कार्यक्रम में बच्चों को पुरस्कृति करते डा. आर.एस. जादौन, डीन, सीएबीएम।***

**निदेशक संचार**